दिन– सोमवार

दिनांक– 11 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को एक जुलाई से लागू करने की अधिसूचना जारी की।

02 राज्य सरकार ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सहयोग पोर्टल की शुरूआत की।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– पुलिस को चुनौती देने वाले अपराधियों को अड़तालीस घंटे के अंदर दिया जायेगा जवाब।

04. और, केन्द्र सरकार ने कहा– देश में साठ दिन के कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस तथा पैंतालीस दिन के एलपीजी का भंडार उपलब्ध है।

---

केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी– गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिनियम इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। देशभर में नए ढांचे के क्रियान्वयन के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम 2005 की जगह लेगा। इस नए अधिनियम का उद्देश्य, एक वित्तीय वर्ष में रोज़गार गारंटी को सौ दिनों से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन करना है। इसके अलावा यह अधिनियम समय पर मज़दूरी के साथ–साथ पारदर्शी और जवाबदेह भुगतान पर ज़ोर देता है। यदि निर्धारित समय के भीतर किसी को काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो इस नए अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, रोज़गार के नए अवसर पैदा करने और गांव के समग्र और सतत विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राज्य सरकार ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और लोक शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सहयोग पोर्टल की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में पोर्टल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल पर दर्ज शिकायत का तीस दिनों में निष्पादन कर आवेदक को लिखित सूचना

दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे विभागों की कार्यशैली में सुधार आयेगा और जबावदेही तय होगी। श्री चौधरी ने बताया कि जो लोग आनलाईन शिकायत दर्ज कराने में सक्षम नहीं हैं, वे सहयोग हेल्पलाइन नंबर **एक एक शून्य शून्य** पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

---बाइट---

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग पहल के तहत महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में मंदिरी नाला– नवीन किशोर सिन्हा पथ का लोकार्पण किया। पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत निर्मित इस पथ से स्थानीय लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद नितिन नवीन भी मौजूद रहे। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने मंदिरी नाला सड़क का नामकरण नवीन किशोर सिन्हा पथ करने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद दिया है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपराध नियंत्रण और सुशासन की प्रतिबद्धता दोहराई है। आज पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि पुलिस को चुनौती देने वाले अपराधियों को अड़तालीस घंटे के अंदर जबाव दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपराधी कोई भी हो उसे छोड़ा नहीं जायेगा।

---बाइट---

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पदभार ग्रहण किया। श्री सिन्हा ने कहा कि विभागीय योजनाओं को किसानों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंन एग्री स्टैक परियोजना के तहत कल से तीस जून तक फार्मर्स रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की।

---

खनन एवं भूतत्व विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

–––बाइट–––

---

भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने आज बिहार विधान परिषद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उन्हें पद की शपथ दिलायी। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर हुये उप चुनाव में वे निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

---

विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार उप चुनाव के लिए कल मतदान होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगा। उपचुनाव में कुल छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यह सीट पूर्व एमएलसी राधाचरण साह के विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई थी।

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में किसी भी पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। देश के पास 60 दिन के कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस तथा 45 दिन के एलपीजी का भंडार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में पश्चिम

एशिया पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की 5वीं बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोगों से पेट्रालियम उत्पादों के आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचाने का संकल्प लेने की अपील की है।

———बाइट———

इधर, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच लोगों को पेट्रोलियम उत्पादों के इस्तेमाल में अनुशासन बरतने का संकल्प लेना चाहिए।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ अमृत पर्व के अवसर पर पहले ज्योर्तिलिंग— सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष महापूजा की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के शिखर पर कुंभाभिषेक भी किया। मंदिर के इतिहास में पहली बार मंदिर के शिखर पर ग्यारह तीर्थ स्थलों से लाए गए पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक है।

———बाइट———

यहां देख रहा हूं विनाश में सृजन के संकल्प को, जिसे सोमनाथ ने चरितार्थ किया है। मैं यहां देख रहा हूं, असत्य पर सत्य की विजय को, जिसे प्रभास पाटन ने बार—बार जिया है। मैं यहां देख रहा हूं हजारों वर्षों की अध्यात्मिक चेतना को, जिसने मानव मात्र के कल्याण की सीख समूचे विश्व को दी है। मैं यहां देख रहा हूं भारत के उस अविनाशी स्वरूप को जिसे सदियों के कुत्सित प्रयास भी न मिटा सके, न हरा सके।

हमारे संवाददाता ने बताया कि सोमनाथ अमृत पर्व, सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा—अर्चना की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में पूजा—अर्चना की।

---

नई दिल्ली के मुंडका बक्करवाला टोल प्लाजा पर मल्टी–लेन फ्री फ्लो–बैरियर–रहित टोल संग्रह प्रणाली की आज से शुरूआत हुई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से वाहनों को रोके बिना टोल टैक्स स्वचालित रूप से काट लिया जाएगा।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने कहा है कि वर्तमान समय में राजनीति, प्रशासन, सेना, अनुसंधान और विज्ञान समेत जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है। मगध महिला कॉलेज पटना के वार्षिकोत्सव उड़ान को संबोधित करते हुए उन्होने भारतीय सेना में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका का उल्लेख किया। श्री हसनैन ने छात्राओं से अपने सपनों और महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयास करने की अपील की।

---

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर स्थित खटौरी गांव में पूर्वोत्तर भारत के पहले हाईटेक हैचरी प्लांट का शुभारंभ हुआ। केन्द्रीय खनन और कोयला राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने इस प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्लांट की स्थापना से कृषि उद्यमिता के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी और युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

---

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

–––बाइट–––

---

भागलपुर जिले के अजगैबीनाथ धाम के नमामी गंगे घाट पर नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने शवों को बरामद कर लिया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नरौली बालगृह से दस बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन मामले की जांच कर रही है।

---

दरभंगा जिले के बहेरी बाजार स्थित एक स्टूडियों में पुलिस ने छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का उद्भेदन किया है। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के जितना थाना क्षेत्र अंतर्गत अगरवा गांव से पुलिस और एसएसबी की टीम ने दो किलो सात सौ ग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड स्थित एक फ्लैट में पुलिस ने छापेमारी कर छियालीस कार्टन शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। सारण में दो और गया, मुंगेर तथा रोहतास जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

---

01. केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को एक जुलाई से लागू करने की अधिसूचना जारी की।

02 राज्य सरकार ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सहयोग पोर्टल की शुरूआत की।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– पुलिस को चुनौती देने वाले अपराधियों को अड़तालीस घंटे के अंदर दिया जायेगा जवाब।

04. और, केन्द्र सरकार ने कहा– देश में साठ दिन के कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस तथा पैंतालीस दिन के एलपीजी का भंडार उपलब्ध है।

---

समाप्त